प्रेस विज्ञप्ति

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

क्षेत्रीय मुख्यालय, उत्तरी क्षेत्र

विषय : भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के क्षेत्रीय मुख्यालय, उत्तरी

क्षेत्र मे हिन्दी पखवाड़ा-2017 का आयोजन

नई दिल्ली 14 सितम्बर, 2017

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, उत्तरी क्षेत्र मुख्यालय में हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में 14 सितम्बर, 2017, प्रातः 11.00 बजे हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक महोदय द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय मुख्यालय के सभी अनुभागाध्यक्ष/ विभागाध्यक्ष तथा विभागों/ अनुभागों के राजभाषा नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर, माननीय गृह मंत्री महोदय के संदेश का वाचन किया तथा पखवाड़ा के दौरान आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं के बारे में बताया गया तथा क्षेत्रीय कार्यपालक, श्री राकेश कालरा जी, ने उपस्थित सभी अनुभागाध्यक्ष/ विभागाध्यक्ष से अनुरोध किया कि वे अधिक से अधिक कार्य हिन्दी में करें तथा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित करें।

क्षेत्रीय कार्यपालक महोदय ने सभी कार्मिकों को अधिकाधिक कार्य हिन्दी में करने का अनुरोध करते हुए हिन्दी पखवाड़ा 2017 को सफल बनाने का आहवाहन किया।

कार्यक्रम के संचालक श्री ए आर कश्यप, संयुक्त महाप्रबंधक (राजभाषा) ने सभी उपस्थित अतिथिगणों का धन्यवाद दिया।

श्री राकेश कालरा जी, क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक,उत्तरी क्षेत्र (बीच मे) व सभी अनुभागाध्यक्ष/ विभागाध्यक्ष तथा कार्यक्रम का संचालन करते हुए श्री ए आर कश्यप, संयुक्त महाप्रबंधक (राजभाषा)

Issued by Public Relations Department
Northern Region
For details please contact: DGM (PR),
9818551055, 011-25653021
Press Release No. 1/2017-18